(ii) 'कवीन्द्रः' का सही सन्धि-विच्छेद है।

(अ) कवि + इन्द्र:

(ब) कवि + - ईन्द्रः

(स) कवि + एन्द्रः

(द) कवी + एन्द्रः । 1

(iii) 'गायकः' में सही सन्धि-विच्छेद हैं।

(अ) गै+ अक:

(ब) गय + अक:

(स) गाय + अक:

(द) गाय + आकः । 1

Gyansindhuclasses.com

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की शुद्ध 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही विकल्प चुनिये :

(i) 'आत्मा' शब्द में विभक्ति और वचन है

(अ) द्वितीय विभक्ति, द्विवचन

(ब) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

(स) प्रथमा विभक्ति एकवचन

(द) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन । 1

(ii) 'नाम्ना' शब्द में विभक्ति और वचन है

(अ) सप्तमी विभक्ति एकवचन

(ब) चतुर्थी विभक्ति एकवचन

(स) तृतीया विभक्ति, द्विवचन

(द) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन । 1

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए:

(i) अनिल-अनल -

(अ) आग और हवा

(ब) हवा और आग

(स) शून्य और आग

(द) हवा और पानी। 1

(ii) अम्बुज-अम्बुद -

(अ) बादल और समुद्र

(ब) जल और बादल

(स) कमल और बादल

(द) समुद्र और कमल। 1

Gyansindhuclasses.com

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो सही अर्थ लिखिए: *1+1=2*

(i) नाग

(ii) तीर

(iii) गो।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही 'शब्द' का चयन करके लिखिए:

(i) आशा से अधिक

(अ) आशातीत

(ब) आशा के विरुद्ध

(स) आशा के अनुसार

(द) आशान्वित। 1

(ii) जानने की इच्छा रखनेवाला

(अ) जानकार

(ब) ज्ञानी

(स) जिज्ञासु

(द) बुद्धिमान। 1

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए: *1+1=2*

(i) व्यक्ति और समाज का घोर संबंध है।

(ii) बेटी तो पराया धन होता है।

(iii) चार कानपुर के व्यक्ति बोले।

(iv) दरिद्रता जैसी शत्रु दूसरी नहीं है।

Gyansindhuclasses.com

12. (क) 'हास्य रस' अथवा 'वीर' रस का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए। *1+1=2*

(ख) 'उपमा' अलंकार अथवा 'भ्रांतिमान' अलंकार की परिभाषा देते हुए एक उदाहरण लिखिए। *1+1=2*

(ग) 'रोला' छन्द अथवा 'दोहा' छन्द का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए। *1+1=2*

13. किसी विद्यालय के प्रधानाचार्य को लिपिक पद की भर्ती हेतु एक पत्र लिखिए। *2+4=6*

अथवा

किसी बैंक के प्रबंधक को दुकान खोलने हेतु ऋण देने के लिये एक पत्र लिखिये।

